विश्व न्याय मंदिर

3 जनवरी 2022

विश्व भर के सहायक मंडल सदस्यों को संबोधित

परम प्रिय मित्रों,

इस दिन, जब हम महाद्वीपीय सलाहकार मंडल के सदस्यों के साथ एक संयुक्त सम्मेलन हेतु पवित्र भूमि में आप सभी का स्वागत करने के लिए अत्यंत उत्कंठा से इंतजार कर रहे थे, हम आपको लिखने और अपना दुख व्यक्त करने को प्रेरित हैं कि, विश्व की परिस्थितियों के कारण, यह बहुप्रतीक्षित सम्मेलन नहीं हो सका। जिन भावनाओं को हमने आपसे व्यक्तिगत रूप से व्यक्त करने की आशा की थी, उन्हें अब दूर से ही व्यक्त किया जाना होगा। परंतु यह दूरी आप में से प्रत्येक के लिए हमारे प्रेम की तीव्रता को कम नहीं करती है।

अब्दुल-बहा के इच्छा पत्र और वसीयतनामा के पहले सार्वजनिक पठन के बाद से आज एक सौ वर्ष हो गए हैं। उस मूल्यवान दस्तावेज़ में, उन्होंने धर्मभुजाओं, मूल रूप से, जिनकी मदद के लिए प्रसार और संरक्षण के सहायक मंडल गठित किए गए थे, के दायित्वों को निर्धारित किया। अब्दुल-बहा ने धर्मभुजाओं का आह्वान "दिव्य सुरभि को फैलाने, मनुष्यों की आत्माओं को उत्कृष्ट करने, सीखने को बढ़ावा देने, सभी मनुष्यों के चरित्र में सुधार करने और प्रत्येक काल और परिस्थिति में सांसारिक वस्तुओं से पवित्र और अनासक्त रहने" के लिए किया था। इस समय इन शब्दों को पढ़ना हमारे लिए उस सेवा की याद दिलाता है जो बहाई विश्व में आप सभी कर रहे हैं। वास्तव में, विश्वव्यापी बहाई समुदाय, सलाहकारों की संपूर्ण संस्था के प्रति कृतज्ञ है, जिसमें वे सभी शामिल हैं जिन्होंने विगत वर्षों में महाद्वीपीय सलाहकारों, सहायक मंडल के सदस्यों और सहायकों के रूप में कार्य किया है। हाल के दशकों में की गई अद्भुत उन्नति, जो आज विश्व में दिखाई दे रही है, इतने सारे लोगों की समर्पित सेवा के बिना, संभव नहीं हो सकती थी। और उस प्रगति में एक अपरिहार्य योगदान स्फूर्तिमान तथा सूक्ष्मदर्शी, और पूर्णतया अथक संस्था, अंतर्राष्ट्रीय शिक्षण केंद्र द्वारा प्रदान किया गया मार्गदर्शन और प्रोत्साहन रहा है।

अब तक आपको नौ वर्षीय योजना के प्रावधानों से परिचित होने और इसके निहितार्थों पर विचार करने का अवसर मिल चुका है। जैसा कि स्पष्ट होगा, प्रभुधर्म की समाज-निर्माण शक्ति को सदा बढ़ती मात्रा में निर्मुक्त करने के लिए अनुयायियों को अपने क्लस्टरों में जितने प्रकार की सेवाएं देने के लिए कहा जा रहा है, उनका दायरा विस्तृत हो गया है। इसी के अनुरूप, जिन बिंदुओं पर आपको गंभीरता से ध्यान देना चाहिए, उनका दायरा भी विस्तृत हो गया है। उद्यमों के विभिन्न क्षेत्रों में बहाई समुदाय द्वारा योगदान करने की क्षमता विकसित करना आपके कार्य का अभिन्न अंग है, और उतने ही अभिन्न हैं मित्रों के द्वारा अर्जित क्षमता को कार्य में प्रदर्शित करने में मदद करने हेतु आपके प्रयास। इन दोनों आवश्यकताओं को पूरा करने में, और सामान्य तौर पर शिक्षा एवं चरित्र के सुधार के लिए अपने उत्तरदायित्व को पूरा करने में, आप निश्चित रूप से संस्थान प्रक्रिया की प्रभावकारिता पर बहुत अधिक निर्भर हैं। अपनी स्थापना के समय से ही संस्थान आपके कार्य का एक

आवश्यक साधन रहा है और साथ ही, समान रूप से आपका ऊर्जावान सहयोग इसके विकास के लिए आवश्यक रहा है। सहयोग की स्पष्ट, गंभीर भावना, जो संस्थान के उद्यमों के समन्वय के लिए जिम्मेदार सभी लोगों के साथ आपके संबंधों की विशेषता है, को देखकर हमें बहुत आनंद प्राप्त होता है।

निःसंदेह, आपने कुछ दिन पहले सलाहकारों को दिए हमारे संदेश में प्रस्तुत किए गए विवरण को पढ़ा होगा कि योजना को पूरा करने में मित्रों के सामने आने वाली कई चुनौतियों में से प्रत्येक के लिए उपयुक्त प्रत्युतर खोजने में आपको कैसे अवश्य ही मदद करनी चाहिए। इस संबंध में, हमें यकीन है कि आप इस बात के प्रति सचेत हैं कि आपकी सलाह का प्रभाव कितना भी लाभकारी हो, आपके उदाहरण का प्रभाव उससे कहीं अधिक होगा। आपकी भूमिका की एक उल्लेखनीय ताकत यह है कि यह अनुयायियों को बहाई प्रशासन के विभिन्न स्तरों से जोड़ती है और सहयोग की उस भावना को प्रबलित करती है जो उन्हें एक साथ बांधती है। बहाई प्रशासन के उद्देश्य के बारे में जागरूकता बढ़ाने और नई स्थानीय आध्यात्मिक सभाओं की स्थापना और उचित कामकाज में उनकी सहायता करना आपका एक महत्वपूर्ण कर्तव्य है। स्थानीय, क्षेत्रीय और राष्ट्रीय स्तर पर संचालित होने वाली बहाई संस्थाओं की योजनाओं और परियोजनाओं से आप मित्रों को जोड़े रखते हैं। अंततोगत्वा, प्राप्त होते संदेशों के अध्ययन को प्रोत्साहित और अगुवाई कर, आप मित्रों और विश्व न्याय मंदिर के बीच संबंधों को मजबूत करते हैं। अनुयायी योजना की अच्छी समझ हेतु आपकी ओर देखते हैं और इसके प्रावधानों को प्रभावी बनाने के लिए, विशेष रूप से प्रभुधर्म के शिक्षण में, आपको एक साहसी उदाहरण के रूप में देखते हैं। विभिन्न क्लस्टरों में परिस्थितियों की वास्तविकता के साथ आपका मजबूत परिचय, आगे बढ़ने के लिए आवश्यकताओं की आपकी पूरी समझ से मिलकर, आपको हर दशा में प्रभुधर्म की समाज-निर्माण शक्ति निर्मुक्त करने के बारे में, परामर्श करने में विचारशील, रचनात्मक और समयानुकूल योगदान देने की आदर्श स्थिति में रखता है।

इस सबके अतिरिक्त, हम युवाओं को प्रोत्साहित करने में आपकी विशेष भूमिका की ओर ध्यान आकर्षित करना चाहते हैं। इतने सारे युवा जो अब प्रभुधर्म के लिए विजय प्राप्त कर रहे हैं, वे एक सहायक मंडल सदस्य या सहायक से प्रेरित थे, जिनके उत्साही समर्थन और भक्ति की भावना ने उन्हें दिव्य संपुष्टि की शक्ति पर भरोसा और निर्भीकता पूर्वक सेवा के क्षेत्र में प्रवेश करना सिखाया। आपकी जिम्मेदारी बच्चों और किशोरों की शिक्षा को बढ़ावा देने, युवाओं के उत्थान, और पारिवारिक जीवन के एक पैटर्न को मजबूत करने तक है जो पीढ़ी दर पीढ़ी पवित्र आत्माओं, बहाउल्लाह के निष्ठावान अनुयायियों को उत्पन्न करेगी, जो निजी हितों को बढ़ाने के स्थान पर विश्व की बेहतरी को चुनेंगे। नौ वर्षीय योजना के अंतिम वर्ष में, जो युवा, इसकी चरम सफलता सुनिश्चित करने के लिए सेवा कार्यों को अंजाम देंगे, कई मामलों में वे बच्चे हैं, जिन्हें आज, आशीर्वादित सौंदर्य के प्यार और उनके मिशन की समझ में संपोषित करने की आवश्यकता है ।

परम प्रिय मित्रों, आपकी प्रार्थना के क्षणों में, निश्चिंत रहें कि बहाउल्लाह से आपकी सभी विनतियों में, आपकी ओर से पवित्र समाधियों में हमारी याचनाएं साथ-साथ हैं। आपकी गति और आपकी स्थिरता ईश्वरीय इच्छा की कोमल हवाओं द्वारा निर्देशित हो, और वह आपको अपनी इच्छानुसार उसकी सेवा करने में सक्षम होने का स्थायी उपहार प्रदान करे।

विश्व न्याय मंदिर